# कण कण में है 'शक्ति रूपेण' आदिशक्ति

## मप्र जनजातीय संग्रहालय में इंद्राणी समारोह का समापन आज



**भोपाल, 11 मार्च. मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा 10 से 12 मार्च तक महिलाओं की सृजनात्मकता का उत्सव इंद्राणी समारोह का आयोजन किया जा रहा है.**

समारोह के दूसरे दिन बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत आस्था गोस्वामी एवं साथी- उत्तरप्रदेश द्वारा भक्ति गायन से की गई. उन्होंने नमो: देवी सरस्वती..., जय दुर्गे दुर्गति परिहारिणी..., कब तम कृपा करोगी ऊंचे बरसाने वाली..., तीहारो दरस मोहे भावे... एवं अन्य देवी गीतों की प्रस्तुति दी. इसके बाद ऋतुश्री चौधरी एवं साथी- दिल्ली द्वारा शक्ति: कथक शैली में प्रस्तुति दी गई. प्रस्तुति 'शक्ति रूपेण' उस आदिशक्ति का आवाहन है, जो सृष्टि के कण-कण में और हर नारी के अस्तित्व में स्पंदित होती है. वहीं शक्ति दुर्गा बनकर अधर्म का संहार करती है, वह सृजन है, वह करुणा है, वह धैर्य है, और वही प्रचंड ज्वाला भी है. कभी वह एक साधारण स्त्री है- अपने श्रृंगार में जीवन की कोमलता रचती हुई, प्रेम और ममता से संसार को सजाती हुई. और जब समय पुकारता है, तो वही नारी साहस का रूप लेकर अन्याय और कुप्रवृत्तियों के विरुद्ध अडिग होकर खड़ी हो जाती है. 'शक्ति रूपेण' उसी दिव्य स्त्री-तत्व की अभिव्यक्ति है-जो सृजन भी है, संरक्षण भी और परिवर्तन की शक्ति भी.



**नौरता लोकनृत्य :** बुन्देलखण्ड अंचल में नवरात्रि के अवसर पर कुंवारी कन्यायें इसका आयोजन करती हैं. यह पूरे नौ दिन तक चलता है. घर के बाहर एक अलग स्थान पर नौरता बनाया जाता है. कन्यायें अच्छे जीवनसाथी की मनोकामना के लिए नौरता नृत्य करती हैं.

**सैताम नृत्य:** भारिया महिलाओं में त्यौहारों पर सैताम नृत्य की परम्परा है. महिलाएं हाथों में मंजीरा लेकर ढोल या ढोलक की थाप पर गोल घेरे में मंजीरा बजाते हुए और गीत गाते हुए नृत्य करती हैं. इसमें दो दल होते हैं जो गीत के बोलों को बारी-बारी गाते हुए नृत्य करते हैं. विभिन्न हस्त-पद मुद्राओं के साथ नृत्य धीमी गति से प्रारंभ होता है और द्रुत गति पर इसका समापन किया जाता है.

**टिपणी नृत्य:** टिप्पणी नृत्य गुजरात का एक पारंपरिक महिलाओं पर आधारित लोक नृत्य है, जो विवाह और अनुष्ठानिक अवसर में किया जाता है. इस नृत्य में लगभग 3 फीट की लंबी लकड़ी की छड़ी (जिसे जमीन में ठोंक कर किया जाता है) का प्रयोग होता है. महिलाएं दो पंक्तियों में गाती और नृत्य करती हैं, जो उनके संघर्ष और खुशी को दर्शाता है.



# बिट्टन मार्केट में निकली कलश यात्रा

## महारुद्राभिषेक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**भोपाल, 11 मार्च. राजधानी भोपाल के बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में बुधवार को गोलोकवासी गृहस्थ संत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री जी दद्दाजी की स्मृति में 137 वें पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ.**

कलश यात्रा बिट्टन मार्केट चौराहा से यज्ञ स्थल दशहरा मैदान तक सभी धूमधाम से निकाली गई. कलश यात्रा में दद्दाजी के ज्येष्ठ पुत्र कथा वाचक अनिल प्रभाकर शास्त्री सहित बड़ी संख्या में दद्दाजी के शिष्य शामिल हुए. शिष्य मंडल के गुरु भाइयों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए गोलियां काटने की प्रक्रिया प्रारंभ की. गुरुवार से पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र अभिषेक ज्ञान यज्ञ प्रारंभ होगा.

## एक नजर में



### बालिका सुरक्षा विषय को लेकर दिया प्रशिक्षण

**भोपाल, 11 मार्च.** संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग,भोपाल संभाग, भोपाल द्वारा बालिका सुरक्षा विषय को लेकर भोपाल जिले के समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल में किया गया. कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए लागू विभिन्न अधिनियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. प्रथम सत्र में विषय विशेषज्ञ अर्चना सहाय द्वारा पास्को एक्ट के संबंध में जानकारी दी गई. इस दौरान पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी शॉर्ट फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित की गई.सत्र के द्वितीय चरण में नेहा चतुर्वेदी द्वारा कार्यस्थल की परिभाषा एवं उससे संबंधित प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई. भावना त्रिपाठी द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में बताया.

### 13-14 मार्च को होगा 'संस्कार मातृ समागम'

**भोपाल, 11 मार्च.** विश्वमांगल्य सभा के तत्वावधान में मातृत्व सशक्तिकरण और भारतीय संस्कारों के प्रसार के उद्देश्य से दो दिवसीय 'संस्कार मातृ समागम' का आयोजन 13 एवं 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा. यह अधिवेशन हंसध्वनि सभागार, रवीन्द्र भवन (पॉलिटेक्निक चौराहा), भोपाल में आयोजित होगा, जिसमें देशभर से मातृशक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के प्रतिनिधि भाग लेंगे.विश्वमांगल्य सभा के सभाचार्य प.पू. जितेंद्रनाथ महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित इस अधिवेशन का उद्देश्य मातृत्व की शक्ति को संगठित कर समाज में संस्कार, सामर्थ्य, सदाचार और सेवा के मूल्यों को मजबूत करना है. अधिवेशन के आयोजन में विश्वमांगल्य सभा की विभिन्न पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं.इनमें डॉ. पूजा देशमुख (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), सोनिया तर्हालकर (राष्ट्रीय सदाचार सभा संयोजिका), सूरज डामोर (अध्यक्ष, मध्य प्रदेश), विभा रघुवंशी (मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष), लतिका चौहान (अधिवेशन कार्यकारी अध्यक्ष), डॉ. बबिता अग्रवाल (भोपाल अध्यक्ष), डॉ. अनुराधा यादव तथा पूजा पाठक शामिल हैं.

### एआई पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आज से

**भोपाल, 11 मार्च.** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) भोपाल में नवोन्मेष 2026 के अंतर्गत इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का आयोजन 12 और 13 मार्च को किया जा रहा है. इसके बाद 14 और 15 मार्च को इनोवेशन फेस्ट की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. कॉन्फ्रेंस में भारत सहित सिंगापुर, जर्मनी, मलेशिया, यूएई, कोसोवो, वियतनाम और ऑस्ट्रेलियाके वैज्ञानिक, शोधार्थी, एकेडमिक विशेषज्ञ और उद्यमी भाग लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श करेंगे. सम्मेलन के दौरानकोर एआई टेक्नोलॉजी, एआई इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एआई इन सोसाइटी एंड गवर्नेंस, क्रॉस कटिंग इश्यूज तथा एआई इन डिफेंसजैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रिसर्च पेपर और विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे. सम्मेलन में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (बेंगलुरु), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी (त्रिवेंद्रम), सीएसआईआर (नई दिल्ली), डीआरडीओ (हैदराबाद), एनआईटी रायपुर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (भोपाल)के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे.



# निटर और एनईसी में एमओयू

**भोपाल, 11 मार्च. राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल और नेपाल इंजीनियरिंग काउंसिल (एनईसी) ने आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए.**

एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान इंजीनियरिंग संकाय की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और शिक्षण नवाचार, गुणवत्ता आश्वासन और अक्रीडिटेशन प्रोसेसेस, तथा सहयोगात्मक शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्रों में सहयोग करेंगे.

एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. सी. सी. त्रिपाठी और नेपाल इंजीनियरिंग काउंसिल के अध्यक्ष प्रो. डॉ. पद्म बहादुर शाही ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए. भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव, मृत्युंजय बेहेरा ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है जब दोनों देशों के संस्थान मिलकर नेपाल के छात्रों की शिक्षा की गुणवत्ता, गतिशीलता और वैश्विक मान्यता को बेहतर बनाने पर कार्य करेंगे.

# सीआरपीएफ ने मनाया 87 वां स्थापना दिवस

## स्वास्थ्य शिविर में बीपी, डायबिटीज की जांच की

**भोपाल, 11 मार्च. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 6 से 10 मार्च तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई. संयुक्त अस्पताल, सीआरपीएफ बंगरसिया भोपाल द्वारा पहले दिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया.**



इसमें हाईपरटेंशन, डायबिटीज मेलिटस तथा बी.एम.आई. की जांच के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गयीं. लोगों को उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जांच कर परामर्श दिया गया. इस कार्यक्रम ग्रुप केन्द्र, सीआरपीएफ भोपाल तथा उबेन्तू हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से किया गया. इसमें मुख्य अतिथि डॉ. सुबत मण्डल, हृदय रोग विशेषज्ञ तथा डॉ. आरके मिश्रा, पुलिस उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) संयुक्त अस्पताल सीआरपीएफ भोपाल द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में व्याख्यान दिया गया. 7 मार्च को संयुक्त अस्पताल सीआरपीएफ भोपाल द्वारा परिवार कल्याण केन्द्र, ग्रुप केन्द्र सीआरपीएफ भोपाल में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और ध्यान (मेडिटेशन) के महत्व के बारे में बताया गया. इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी के मेडिटेशन सेंन्टर की बीके किरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. 9 मार्च को संयुक्त अस्पताल में महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया. 10 मार्च मंगलवार को संयुक्त अस्पताल में जयप्रकाश, जिला अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जवानों ने रक्तदान किया.

# रेलवे इंस्टीट्यूट में महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम

## महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी

**भोपाल, 11 मार्च. वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ भोपाल की मुख्य शाखा एवं लोको लाइन शाखा द्वारा बुधवार को रेलवे इंस्टीट्यूट भोपाल में अंतरराष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्रुति मेडेकर ने उपस्थित महिलाओं को दैनिक जीवन में स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारियां साझा कीं.**




विशिष्ट अतिथि अनुमेहा गुप्ता, थाना प्रभारी (क्राइम ब्रांच, भोपाल) ने साइबर अपराधों एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों पर जागरूकता फैलाई तथा सुरक्षित रहने के उपाय बताए. वहीं, सविता भदोरिया, प्राध्यापक (समाजशास्त्र) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने प्रसिद्ध श्लोक- 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:. यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया: ॥ 'का उद्घोष करते हुए महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक व्याख्यान दिया. शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के इस उत्कृष्ट संगम ने भोपाल की महिला रेल कर्मियों को नारी शक्ति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया. मजदूर संघ की ओर से मंडल अध्यक्ष आर.के. शर्मा, मंडल सचिव कमलेश परिहार, मुख्य शाखा सचिव अनिरुद्ध सोनी, लोको सचिव रवि चौबे, अध्यक्ष पी.पी. मौर्य सहित सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया.

### हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पर सप्रे संग्रहालय में समारोह 25 को

**भोपाल, 11 मार्च.** वर्ष 2026 की 30 मई को हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं. इस महत्वपूर्ण अवसर पर सप्रे संग्रहालय द्वारा देश भर में कार्यक्रम श्रंखला का आयोजन किया जा रहा है. इसी कड़ी में आगामी 25 मार्च को संग्रहालय में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे, अध्यक्षता इंदिरा गांधी कला केंद्र नईदिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी करेंगे. माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के कुलगुरु का मुख्य वक्तव्य होगा. संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि समारोह में हिंदी पत्रकारिता की दो सौ वर्ष की यात्रा का पुनरावलोकन होगा.



# अपेक्स बैंक में महिला दिवस पर हुई संगोष्ठी और अंताक्षरी


**भोपाल, 11 मार्च. अपेक्स बैंक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सहकारिता में महिलाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं ओएसडी अपेक्स बैंक अरूणा दुबे द्वारा विषय से संबंधित उद्बोधन दिया गया. कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक की पत्नी इंदु गुप्ता, उपसचिव सहकारिता की पत्नी रंजना सिन्हा सहित, विभा तिवारी सहित बैंक की समस्त महिला अधिकारी/ कर्मचारियों ने भाग लिया. इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, अंताक्षरी, गीत-संगीत का आयोजन भी किया गया, जिसमें समस्त बैंक कर्मी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही.

**उद्घाटन** | प्रदर्शनी का उद्देश्य कला के माध्यम से सकारात्मकता, रचनात्मकता को बढ़ावा देना

# एम्स में फैकल्टी, विद्यार्थियों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी

**भोपाल, 11 मार्च. एम्स भोपाल के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र तथा इलस्ट्रेशन क्लब द्वारा चार दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है. प्रदर्शनी 11 से 14 मार्च 2026 तक आयोजित की जा रही है और इसमें एम्स भोपाल के संकाय सदस्यों (फैकल्टी मेंबर्स), कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है.**



पहले तीन दिनों तक प्रदर्शनी प्रात: 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक तथा अंतिम दिन 14 मार्च को दोपहर 12:30 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी. इस आयोजन का उद्देश्य कला के माध्यम से सकारात्मकता, रचनात्मकता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना तथा आम नागरिकों को तनाव कम करने और रचनात्मक अभिव्यक्ति के महत्व से परिचित कराना है. प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ, एम्स भोपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

इस अवसर पर संदेश कुमार जैन उप निदेशक-प्रशासन, प्रो. (डॉ.) रजनीश जोशी (डीन-अकादमिक), प्रो. (डॉ.) विकास गुप्ता (चिकित्सा अधीक्षक), प्रो. (डॉ.) बालकृष्णन एस (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, फार्माकोलॉजी), प्रो. (डॉ.) राजकुमार पाटिल (चेयरपर्सन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर), प्रो. (डॉ.) रतिंदर झज (प्रोफेसर, फार्माकोलॉजी) और डॉ. बृजेश कुमार (अतिरिक्त प्रोफेसर, एनाटॉमी) सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे.

# कमाली वाले हनुमान मंदिर में गूंजे फाग गीत

**भोपाल 11 मार्च. फाल्गुन माह के पावन अवसर पर कमाली वाले हनुमान जी महाराज मंदिर, घोड़ा नक्कास में मंगलवार को फाग उत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में राधा मोहन दास, राधे महाराज, मनीष पंडित, अजय पंडित के मार्गदर्शन में फाग गीतों और भजनों के साथ श्रद्धालु अबीर-गुलाल के रंगों में सराबोर होकर प्रभु भक्ति में झूम उठे.**



कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी महाराज की महा आरती की गई. इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली तथा राधा-कृष्ण के मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया. समाजसेवी भगवान दास ढालिया ने बताया शहर के प्राचीन ऐतिहासिक और श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र कमाली मंदिर पर प्रति मंगलवार और विशेष अवसरों पर महा आरती होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण और क्षेत्रीय

इस अवसर पर महाआरती में भाग लेते हैं. इस अवसर पर डॉ. धनीराम पवार, मुकेश शर्मा, बालमुकुंद, मनोज सोनी, तृप्ति अग्रवाल, नीतू विश्वकर्मा, कुसुम सिंह, शक्ति अग्रवाल, अनुज गौर, प्रमोद पटेल, राकेश गोगिया, संजय साहू,निहाल साहू, विनोद साहू आदि ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया.